an>

title: Need to open a regional passport office in Banswada Parliamentary Constituency.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, भारत में एवं देश से बाहर जाने के लिए पासपोर्ट पहचान का सबसे बड़ा प्रमाण पत्र है। देश के विभिन्न योजनाओं का लाभ पासपोर्ट से मिल सकता है। विदेश जाने के लिए भी पासपोर्ट का होना एक आवश्यकता है।

कई बार ऐसा भी देखने को मिलता है कि छात्र सिर्फ पासपोर्ट न होने की वजह से विदेशों में मिल रहे सुनहरे अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते या जितना कम समय उन्हें पासपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिया जाता है, किसी संवर्ग-1 अधिकारी के त्वरित सत्यापित नहीं किए जाने के कारण वह मौका भी छात्रों के हाथ से निकल जाता है।

मैं इसी संबंध में आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बाँसवाड़ा में तुरंत एक पासपोर्ट कार्यालय अथवा पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला जाए ताकि मेरे क्षेत्र में आसपास के लोगों को पासपोर्ट से होने वाले सभी फायदों का लाभ मिल सके।